Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 22-04-2022 | अंक 204

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# विश्व पृथ्वी दिवस पर जागरूकता रैली निकाल दिया गया हरियाली व पर्यावरण संरक्षण का संदेश

## श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल में मनाई गई पृथ्वी दिवस,भाषण एवं नाटक का मंचन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जागरूकता से संबंधित कई कार्यक्रम आयोजित किए। इनमे नाटक ,पोस्टर मेकिंग ,पौधारोपण,प्रभात फेरी, भाषण एवं शपथ ग्रहण शामिल है। पृथ्वी दिवस पर विद्यालय निदेशक, शिक्षकगण एवं विद्यार्थीगण के द्वारा धरती को हरा भरा बनाने की शपथ ली गई । साथ ही बच्चों ने गांव में एक जागरूकता रैली निकाली और पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक रोहित सिंह ने कहा कि बढ़ता प्रदूषण आज की सबसे बड़ी समस्या है । पूरा विश्व ही बढ़ते प्रदूषण से चिंतित है । इस समस्या का एकमात्र समाधान अधिक से अधिक पौधारोपण करना ही है। हम जितने अधिक पौधे लगाएंगे उतना ही वातावरण शुद्ध होगा। सिर्फ पेड़ लगाने से ही हमारा दायित्व पूरा नहीं होगा पौधे लगाने के बाद उनकी ठीक प्रकार से देखभाल भी करनी होगी । हम सभी आज इस पृथ्वी दिवस पर या शपथ लेते हैं कि इस धरती को हरा भरा बनाने की हम पूर्ण रूप से अपने उत्तरदायित्व का का निर्वाहन करेंगे। जिन बच्चों को जिन विद्यार्थियों ने नाटक प्रतियो. गिता में भाग लिया उसमें विष्णु,छवि, सृष्टि प्रीति, साक्षी, शीतल ,प्रिंसी ,मानसी ,परी साथ ही शिक्षकों में राकेश कुमार, अमन कुमार ,अमरदीप पांडे, अमित नयन, विकास गुप्ता, संतोष कुमार महतो ,मनोज गंजू, विपिन कुमार, विवेक कुमार ,दयामणि आदि शामिल थे



जागरूकता रैली में शामिल श्रीदास स्कूल के बच्चे














## पत्रकार अनुज कुमार ने रसोईया धमना पंचायत से पंसस के लिए दाखिल किया नामांकन

### पांच वर्षों में आदर्श एवं विकसित पंचायत बनाना है लक्ष्य : अनुज कुमार

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड के रसोईया धमना निवासी पत्रकार सह अधिवक्ता अनुज कुमार ने शुक्रवार को रसोईया धमना से पंचायत समिति सदस्य के लिए अपना नामांकन दाखिल किया है। उन्होंने बड़े ही सादगी के साथ अपने एक प्रस्तावक शिक्षक नितेश कुमार के साथ अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर नामांकन प्रपत्र दाखिल किया। उन्होंने पंचायत वासियों से अपने लिए समर्थन मांगते हुए कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव अपने गांव का चुनाव है, आपका गांव कैसा हो, आपके गांव के लोग कैसे है, उसकी झलक गांव के जनप्रतिनिधियों में दिखती है, इसलिए अपने गांव की सरकार के लिए अपने जनप्रतिनिधियों का चयन साफ छवि एवं शिक्षिति लोगो को चुने। आपका साथ और सहयोग मिलती है तो मेरा लक्ष्य है कि आदर्श एवं विकसित पंचायत बनाना है। रसोईया धमना पंचायत के लोग काफी मेहनती एवं जागरूक है, यही कारण है की पंचायत में मूलभूत सु. विधाओं की कोई कमी नही है, अपितु इसे बूस्टअप करने की जरूरत है। जिससे पंचायत का नाम प्रखण्ड, जिला एवं राज्य तक जाए एवं उच्च पदा. धिकारियों का दौरा पंचायत में हो और पंचायत में औद्योगिक विकास हो सके। कहा कि पंचायत के जिन लोगो का राशनकार्ड, इंदिरा आवास सहित अन्य कार्य बाधित है, उसे तत्काल निष्पादित कर पंचायत अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होगा। इसलिए एकबार उन्हें सहयोग करे, मैं भरोसा दिलाता हूँ कि अपने कलम के ताकत से पंचायत को हर संभव लाभ दिलाने का प्रयास करूंगा।






## रेलवे ट्रैक से पार कर रहे ट्रैक्टर को ट्रेन ने लिया अपने चपेट में बाल बाल बचा चालक

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**





बरही प्रखंड अंतर्गत केदारूत पंचायत के घियाही निवासी बबुनी महतो बाल बाल बच गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बबुनी महतो शुक्रवार सुबह ट्रैक्टर में महुआ लोड कर वापस आ रहे थे। लेकिन रेलवे ट्रैक से पार करने के दौरान ट्रैक्टर का इंजन पटरी में फंस गया काफी मशक्कत करने के बाद भी ट्रैक्टर को नही निकाला जा सका। वहीं तेज गति से आ रही ट्रेन को आते देखकर चालक बबुनी महतो भागने में सफल रहा ट्रेन ने ट्रैक्टर को अपना चपेट में ले लिया, ट्रैक्टर का ट्र०ली अलग हो गया और ट्रेन इंजन को घसीटते हुए लगभग 50 मीटर ले गया जिससे ट्रैक्टर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

## जानवर चराने जा रही महिला के साथ मारपीट, पदमा थाना में दिया आवेदन

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**



पदमा प्रखंड अंतर्गत बंद. रबेला निवासी रामावतार कुमार की पत्नी के साथ मारपीट किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल महिला जानवर चराने जा रही थी इसी क्रम में जानवर किसी के खेत में चला गया। जिसके कारण महिला के साथ मारपीट कर दिया। वहीं घायल महिला ने लिखित आवेदन देकर शिकायत की है। वहीं घायल महिला को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका प्राथ. मिक उपचार कर छुट्टी दे दिया गया।

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## आमंत्रण

नमस्कार,

अपार हर्ष के साथ सूचित कर रहा हूं कि मेरी धर्मपत्नी **श्रीमती कुंती देवी बरही पश्चिमी भाग (4) से जिला परिषद** की प्रत्याशी है जिनका नामांकन **दिनांक-22.04.2022, दिन- शुक्रवार,** **प्रातः 7:00 बजे झारखंड अपोलो टायर, पुरहारा मोड, रसोइया धमना से हजारीबाग के लिए प्रस्थान, स्थान- जिला कार्यालय, हजारीबाग** में होना सुनिश्चित हुआ है।

अतः आप सभी **बरही पश्चिमी भाग (4) क्षेत्रवासियों** से निवेदन है कि इस **नामांकन** में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर हमारा उत्साहवर्धन करें ताकि आप सबों के सहयोग से बरही पश्चिमी भाग (4) का **सर्वांगीण विकास** कर सकूं।





निवेदक- **तापेश्वर प्रसाद**
सामाजिक कार्यकर्ता

**कुंती देवी**
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग (4)


# सिंघरावा पंचायत से मुखिया पद के लिए मो शहजाद ने भरा पर्चा, सैकड़ों समर्थक हुए शामिल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



चौपारण प्रखंड के सिंघरावा पंचायत से युवा समाजसेवी मो शहजाद ने गुरुवार को सैकड़ों समर्थकों के साथ प्रखंड कार्यालय चौपारण पहुंचकर मुखिया पद के लिए नामांकन दाखिल किया। इससे पहले सैकड़ों समर्थकों ने युवा शहजाद को गाजियाबाद के साथ ग्राम केवला से लेकर चौपारण प्रखंड कार्यालय तक नारे लगाते हुए पहुंचे। पर्चा दाखिल करने के बाद मोहम्मद शहजाद ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस उम्मीद और विश्वास के साथ लोग उनके ऊपर भरोसा कर रहे हैं, निश्चित रूप से उनके भरोसे को कभी नहीं तोडूंगा। कहा कि पंचायत का विकास अभी तक कोसों दूर रहा है, उसे देखते हुए अगर मौका मिला तो विकास के ढेर सारे कार्य होंगे। साथ ही साथ उन्होंने कहा को गरीबों को उनके आवश्यकता अनुसार उनका सहयोग करना, और वैसे लोग जो आवास से वंचित है उन्हें आवास मुहैया करवाना मेरी प्राथमिकता होगी ।

# कोल्हुवाकला पंचायत से मुखिया पद के लिए मो जमीरउदीन ने किया नामांकन दाखिल, मांगा समर्थन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत कोल्हुवाकला पंचायत के वरिष्ठ समाजसेवी मो जमीरउद्दीन ने मुखिया पद के लिए नामांकन दाखिल किया। साथ ही साथ उन्होंने अपने पंचायतवासियों से समर्थन भी मांगा है। वहीं उन्होंने कहा की विगत दस वर्षो तक मैने अपने पंचायत में पंचायत समिति सदस्य के रूप में बिना लोभ लालच के काम किया। वहीं उन्होंने कहा की हमारा पंचायत अभी तक विकास के मामले में पूरी तरह से पिछड़ा हुआ है। विकास के नाम पर सिर्फ लुट हुआ है। साथ ही उन्होंने अपने पंचायत के लोगो से समर्थन मांगते हुए कहा की एक बार मुझे सहयोग करे मैं आपको आश्वस्त करता हूं की कोल्हुवाकला पंचायत में जो विकास का कार्य नहीं हो पाया है। मैं उसे निष्ठा पूर्वक पूरा करूंगा


9122222016

## महालक्ष्मी  फर्नीचर

जो सजाए आपके सपनों का घर...

DOUBLE BED • SOFA • SOFA-CUM-BED • DIWAN-CUM-BED • DRESSINGS • CHAIRS • DINNING TABLE

सस्ता एवं फैन्सी फर्नीचर का बेहतरीन कलेक्शन



Season Sale

कूलर, फ्रिज, वाशिंग मशीन आदि भी उपलब्ध है

पाएं आकर्षक छूट

पुरहरा मोड़, रसोइया धमना, बरही, हजारीबाग, झारखण्ड - 825405


# बरही चौक पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का भाजपाईयों ने किया भव्य स्वागत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



**बरही चौक पर अर्जुन मुंडा का स्वागत करते भाजपाई**

जमशेदपुर से कोडरमा जाने के क्रम में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा कुछ समय के लिए बरही चौक पर रुके। बरही चौक पर जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर एवम मंडल अध्यक्ष अमित साहू के नेतृत्व में अर्जुन मुंडा को गर्मजोशी के स्वागत किया गया। स्वागत करने वालो में जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर,भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता,मंडल अध्यक्ष अमित साहू,मंडल उपाध्यक्ष नवल किशोर सिंह,नागेश्वर रजक,विशेश्वर यादव, अशोक यादव,युगलकिशोर यादव,अरुण चंद्रवंशी,इंद्रदेव ठाकुर, मनोज उपाध्याय,रंजीत यादव,महेंद्र यादव,महेंद्र गोप, मिथिलेश सिंह,उदय सिंह,नरेश यादव,अनिल राम,आशीष सिंह,ब्रह्मदेव महतो,शिबू यादव,ननकी निषाद आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे। वही देवचन्दा मोड़ पर भी रंजीत चंद्रवंशी के नेतृत्व में भी एक प्रति. निधिमंडल केंद्रीय मंत्री अर्जुन पांडेय का स्वागत एवं शिष्टाचार मुलाकात किया।


APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## बरही पूर्वी क्षेत्र से जीप प्रत्याशी के रूप में किशुन यादव ने नामांकन दाखिल किया, मांगा समर्थन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रमंडल प्रभारी सह बरही के वरिष्ठ समाजसेवी किशुन यादव ने बरही पूर्वी क्षेत्र से जीप प्रत्याशी के रूप में शुक्रवार को नामांकन दाखिल किया। साथ ही साथ उन्होंने कहा की मैं पिछले कई वर्षो से समाजसेवा में जुटा हूं और बिना लोभ लालच के काम कर रह हूं। वहीं उन्होंने अपने क्षेत्रवासियों से अपील किया की एक बार मुझे अपना बहुमूल्य वोट देकर मुझे विजई बनाए ताकि मैं अपने क्षेत्र का विकास कर सकूं

## रसोइया धमना से हरि यादव ने किया मुखिया के लिए नामांकन दाखिल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



रसोईया धमना पंचायत से मुखिया पद के लिए समाजसेवी एवं युवा नेता हरी यादव ने नामांकन पर्चा दाखिल किया । शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय पहुंचकर निर्वाची पदाधिकारी सह सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो को नामांकन पर्चा सौंपा। नामांकन दाखिल करने के बाद उन्होंने अपनी भावी कार्य योजना की जानकारी देते हुए बताया कि रसोईया धमना पंचायत को विकास के पथ पर आगे बढ़ाते हुए एक आदर्श पंचायत के तौर पर स्थापित करना हमारी प्राथमिकता रहेगी। शिक्षा, स्वास्थ्य, एवं खेतो तक बिजली पहुंचाने का काम किया जाएगा। मनरेगा योजना को क्रियान्वित कर बेरोजगारों को रोजगार दिलाया जएगा। मौके पर दिलीप यादव, नागेश्वर यादव, गोविंद राणा, काली राणा, राजदेव यादव, प्रमोद यादव, अरुण यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।

## पंचायत समिति प्रत्याशी के तौर पर कपिल केशरी ने किया दो सेट में नामांकन

### पृथ्वी दिवस पर पहले किया पौधरोपण, फिर हुए नामांकन के लिए रवाना



नामांकन के समय मौजूद लोग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही पश्चिमी पंचायत से पंचायत समिति सदस्य पद के लिए कपिल प्रसाद केशरी ने दो सेट में नामांकन पर्चा दाखिल किया। नामांकन के पूर्व कपिल प्रसाद केशरी ने विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर अपने फार्म हाउस में फलदार एवं छायादार पौधे लगाए। उसके बाद वहां से बरही देवी मंडप भगवती मंदिर एवं हनुमान मंदिर में माथा टेका। अपने समर्थकों के साथ गया रोड शिव मंदिर, हज़ारीबाग़ बजरंगबली मंदिर, धनबाद रोड भग. वती मंदिर में पूजा अर्चना कर अनुमंडल कार्यालय पहुंचे। जहां निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष दो सेट में अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। नामांकन पर्चा दाखिल करने के बाद कपिल केशरी ने बताया कि बरही पश्चिमी पंचायत के विकास करना ही हमारी प्राथमिकता है। नामांकन कार्यक्रम में रामचंद्र पांडेय, संतोष ठाकुर, डबलू सिंह, परमेश्वर साव, मिंटू सिन्हा, उदय केसरी, अजय गुप्ता, ओम गुप्ता, सुबोध केसरी, सोनू केसरी, छोटू सिंह, प्रमोद सिंह, सुनील साव, मनोज साव, गुड्डू केसरी, अमित सिंह, जगरनाथ साव ,राहुल केसरी, पंकज पा. सवान, ओम मालाकार, सुधीर मालाकार, विकास कुमार यादव, आशीष कुमार ठाकुर, मनोज कुमार केसरी, सूरज कुमार पासवान, गोलू कुमार, महेंद्र केसरी, अजीत राम, संतोष राम, छोटी राम, सोनू राम, सौरभ कुमार रवि, टिंकू पासवान, सिकंदर सिंह, अवध केसरी, दिलचंद पंडित, सुजीत केसरी, आदित्य ठाकुर, अंशु कुमार, बबलू पांडेय , गौतम केसरी, रोहित पा. सवान, वीरेंद्र केसरी, इमरान खान, विक्की केसरी, नकुल राणा, अजय कुमार, विकास विश्वास,राज आर्यन उर्फ छोटी, लोकेश मिश्रा, अशोक रजक, कैलाश सिंह,सतीश केसरी आदि लोग मौजूद रहे।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर






## कोनरा से सुनीता विश्वकर्मा ने किया मुखिया पद के लिए नामांकन, एंव 62 ने भी कराया नामांकन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

कोनरा पंचायत से मुखिया पद के लिए सुनीता विश्वकर्मा ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के बाद उन्होंने अपनी प्राथमिकता की जानकारी देते हुए बताया कि कोनरा पंचायत में बिचौलियागिरी, रियाडा के नाम पर दलाली ही चल रहा है। आम गरीब जनता की कोई सुनवाई नही हो रही है। गरीबो को उनका वाजिब हक नही मिल रहा है। यदि एक बार कोनरा की जनता उन्हें अपना आशीर्वाद देती है तो निश्चित ही कोनरा का विकास होगा। महिला सशक्तिकरण को लेकर मुहिम चलाई जाएगी। शुक्रवार को 63 मुखिया ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। उनमे नामांकन दाखिल कराने वाले मुखिया में सरोज देवी गोरियाकरमा, सूरज दास मालकोको, सरिता देवी पंचमाधाव, किरण देवी केदारूत, सबिता देवी डापोक, रविशंकर यादव कोल्हीवक्ला, रेणु कुमारी पंचमाधव, विकास कुमार सिंह रसोइया धमना, सुजीता देवी भंडारों, मंजू देवी गौरीयकरमा, छोटी राम बरसोत, बसंती देवी डापोक, सोनी कुमारी खोड़ाहर, उमेश कुमार यादव बरसोत, रेणु देवी विजैया, बसंती टोप्पो खोड़ाहर, अजय कुमार दास करियातपुर, संजू देवी विजैया, कोमल कुमारी डपोक, क्षत्रु यादव मलकोको, रीता कुमारी बसरिया, पूजा देवी बेंदगी, कविता कुमारी खोड़ाहर, बेबी देवी डपोक, मो सरताज धनवार, मालती देवी बरही पूर्वी, शांति देवी बसरिया पंचामाधव, चिंता कुमारी बरही पूर्वी, रेखा देवी भंडारों, अनिरुद्ध प्रसाद धनवार, हरी यादव रसोइया धमना, उमा राम करसो, बासुदेव पंडित दुल्महा, रेशमी देवी बरही पूर्वी, सुमित्रा कुमारी विजैया, गोपाल कुमार यादव रसोइया धमना, सीता देवी बरसोत, रिंकू कुमारी करसो, संदीप कुमार केशरी, बरही पश्चिमी शामिल है।















## पंचायत समिति एवं मुखिया प्रत्याशियों ने कराया नामांकन

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**







चलकुशा : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर प्रत्याशियों ने बरही अनुमंडल पहुंच कर चलकुशा पंचायत से पंचायत समिति प्रत्याशी ललीता देवी पति धीरेंद्र शर्मा सलैयडीह पंचायत से राम प्रसाद यादव पिता पोखन माहतो मनैया पंचायत से अंजू भारती पति पिंटू मोदी ने पंचायत समिति पद के लिए अपना -अपना नामांकन कराया। वहीं चल. कुशा प्रखंड मुख्यालय पहुंच कर मुखिया प्रत्याशी के पद के लिए सुदन पंचायत से सविता देवी पति वासुदेव यादव अलगडीहा पंचायत से अंजना देवी पति रामजीत रजक चलकुशा पंचायत से राज कुमार पंडित पिता जगदीश पंडित खरगू पंचायत से मंजू देवी पति नंदकिशोर वर्णवाल मसकेडीह पंचायत से हाजरा खातुन पति मो0 मोजमील अंसारी,शैयबुन निशा पति तफज्जुल हुसैन मनैया पंचायत से लक्ष्मी देवी पति सुभाष ठाकुर सभी ने चलकुशा प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर मुखिया पद के लिए अपना-अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। ललिता देवी ने कहा कि में चलकुशा पंचायत में वार्ड सदस्य के रूप में जनता का सेवा कर चुकी हूं जनता इस बार मुझे मौका दे मैं प्रखंड मुख्यालय में जनता की आवाज बनकर जनता के हित में काम करूंगी। राम प्रसाद यादव पूरे पंचायत एवं चलकुशा प्रखंड में समाजसेवी के रूप में पूरे प्रखंड के जनता के लिए काम किया है। अंजना देवी समाजसेवी रही है एवं वर्तमान में चलकुशा भा. जपा महिला अध्यक्ष के पद पर हैं। अंजना देवी ने कहा कि जनता इस बार मुझे मौका दे मैं पंचायत के हरेक समाज को साथ साथ लेकर चलने का काम करूंगी। सविता देवी ने कहा कि सुदन पंचायत की जनता का कहने पर ही मैं चुनाव मैदान में उत्तरी हूं जनता के हित में ही मैं काम करूंगी।




APEM LIVE

दिनांक: 22-04-2022

पेज संः 06

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बरही पश्चिमी क्षेत्र से जीप प्रत्याशी के रूप में कुंती ने देवी किया नामांकन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत बरही पश्चिमी क्षेत्र के सक्रिय महिला समाजसेवी कुंती देवी ने शुक्रवार को बरही पश्चिमी क्षेत्र से जीप प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया। वहीं जीप प्रत्याशी कुंती देवी ने अपने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए अगर आपका साथ और सहयोग मिला तो मेरे लक्ष्य है की मैं बरही पश्चिमी क्षेत्र को एक आदर्श क्षेत्र बनाऊंगी। आज भी हमारा क्षेत्र विकास से कोसों दूर है उसको देखते हुए अगर मोका मिला तो हमारे क्षेत्र में विकास के ढेर सारे कार्य होंगे। साथ ही साथ उन्होंने कहा की गरीबों को उनके आवश्यकता अनुसार सहयोग करना मेरी प्राथमि. कता होगी।

APEM LIVE NEWS सच का साथी

## बरही मध्य से जीप प्रत्याशी के रूप में बिमला देवी ने दाखिल किया नामांकन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही मध्य क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी बिमला देवी ने बरही मध्य से जीप प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया। वहीं जीप बिमला देवी ने अपने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा की विगत कई वर्षो से मैं अपने क्षेत्र में बिना लोभ लालच के काम कर रहा हूं। अभी तक बरही मध्य क्षेत्र विकास से कोसों दूर इस क्षेत्र में सिर्फ विकास के नाम पर लुट हुआ है। अगर जनता मुझे चुन कर लाती है तो मैं अवश्य अपने क्षेत्रवासियों के लिए विकास के ढेर सारे कार्य करूंगी। साथ ही साथ उन्होंने मि. हलाओं के लिए संकल्प लिया है की महिलाओं के हर सुख दुख में साथ रहूंगी। जिसको देखते हुए जीप प्रत्याशी बिमला देवी को महिलाओं का अपार समर्थन मिल रहा है।

## पंचायत समिति सदस्य के लिए रुकैया खातून ने शुक्रवार को किया नामांकन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



धनवार पंचायत से पंचायत समिति सदस्य पद के लिए बतौर प्रत्याशी रुकैया खातून ने आज 22 अप्रैल शुक्रवार को अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया उन्होंने कहा कि अगर जनता का सहयोग और समर्थन मुझे मिला तो मैं अपने संपूर्ण पंचायत का विकास करने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करूंगी तथा सरकार के कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लाने की अपने स्तर से भरपूर प्रयास करूंगी , वृद्धा पेंशन ,विधवा पेंशन ,राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना सभी जरूरतमंदों को दिलाने का प्रयास करूंगी एवं समाज के सभी वर्ग को एक सूत्र में जोड़कर चलने की कोशिश करूंगी धनवार पंचायत के सभी मतदाताओं से अपील है कि एक बार मुझे अपना कीमती वोट देकर विजय बनावे .

## जगदीशपुर पंचायत से मुखिया पद के लिए रिंकी देवी ने किया नामांकन, मांगा समर्थन

**अपेम लाइवः चौपारण**



चौपारण प्रखंड अंतर्गत जगदीशपुर पंचायत के सक्रिय महिला समाजसेवी रिंकी देवी ने शुक्रवार को मुखिया पद के लिए नामांकन दाखिल किया। साथ ही उन्होंने कह की मैं अपने पंचायतवासियों को हर सुख दुःख में साथ दिया है। साथ ही उन्होंने कहा की पिछले पांच वर्षो में जगदीशपुर पंचायत में विकास के नाम पर सिर्फ लुट हुआ है। और विकास से कोसों दूर है उन्होंने कहा की जनता अब शिक्षित हो चुकी है। साथ ही साथ उन्होंने अपने पंचायतवासियो से अपील किया की एक बार मुझे समर्थन करे ताकि मैं पाने पंचायत का समग्र विकास कर सकूं

## प्रजापति (कुम्हार) महासंघ कोडरमा का हुआ गठन, भुनेश्वर बने जिलाध्यक्ष

**अपेम लाइव :कोडरमा**





झुमरीतिलैया। झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ कोडरमा जिला इकाई का चुनाव शुक्रवार को झंडा चौक के समीप स्थित महावीर सिटी स्कैन के परिसर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता महासंघ के निवर्तमान महासचिव सह सेवानिवृत्त सब जज महावीर कुमार ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में बेरमो के पूर्व विधायक सह झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासभा के प्रदेश संरक्षक योगेश्वर महतो (बाटुल जी), विशिष्ट अतिथि के रूप में शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर नरेश कुमार पंडित, होम्योपैथिक चिं. कत्सक डॉक्टर पी. कुमार, महासंघ के प्रदेश सदस्यता सह प्रभारी धनबाद पप्पू पंडित, उत्तरी छोटानागपुर हजारीबाग सदस्यता प्रभारी नरेंद्र कुमार पंडित, सदस्यता सह प्रभारी उत्तरी छोटानागपुर बोकारो विक्रम महतो एवं महासंघ कोडरमा जिला इकाई के पूर्व जिला अध्यक्ष द्वारिका पंडित उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद कोडरमा जिला इकाई के द्वारा अतिथियों का माला पहनाकर, अंग वस्त्र देकर एवं पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके बाद जिले भर के विभिन्न प्रखंडों से उपस्थित लोगों के बीच सर्वसम्मति से चंदवारा निवासी भुनेश्वर पंडित को प्रजापति कुम्हार महासंघ कोडरमा जिला इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं उपाध्यक्ष जीवलाल पंडित, किशोर पंडित, हरि पंडित, सुनील कुमार पंडित, महामंत्री विजय कुमार पंडित, जिला मंत्री गुलचंद पंडित, सिद्धि प्रसाद, रविंद्र प्रसाद, काशी पंडित, संगठन मंत्री प्रकाश पंडित, कोषाध्यक्ष डॉक्टर पी कुमार, संरक्षक महावीर कुमार, बोधी पंडित, मीडिया प्रभारी ओम प्रकाश, जिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप में केदार पंडित, प्रदीप प्रजापति, किशुन पंडित, रजनीश भास्कर, सुरेश कुमार प्रजापति, निशांत कुमार प्रजापति, प्रकाश पंडित, भोला पंडित, विजय पंडित, हरिओम पंडित चुने गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व विधायक योगेश्वर महतो (बाटुल जी) ने कहा सामूहिक भागीदारी से ही संगठन चलता है। कोडरमा जिले में सदस्यता अभियान पूरा होने के बाद जिला कमेटी का गठन किया गया है। आने वाले दिनों में राज्य के सभी जिलों में जिला कमेटी का गठन किया जाएगा। इसके बाद प्रदेश कमेटी का गठन किया जाएगा। महासंघ के नई जिला कमेटी निश्चित रूप से कोडरमा जिले में समाज के उत्थान के लिए प्रत्येक क्षेत्र में बेहतर कार्य करेगी। उन्होंने जिला कमेटी को शीघ्र प्रखंड एवं पंचायत कमेटी का गठन करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने पंचायत चुनाव में प्रत्येक पंचायत से कम से कम समाज से एक उम्मीदवार को चुनावी मैदान में उतरने के लिए प्रेरित किया। वहीं दूसरी तरफ उन्होंने समाज को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने को लेकर कहा कि भारत सरकार के एमएसएमई विभाग के द्वारा देश के कई राज्यों में माटी कला बोर्ड का गठन किया गया है। इसके तहत सरकार के द्वारा मिट्टी के प्रोडक्ट तैयार करने के लिए उत्पादन इकाई बैठाने में सब्सिडी दी जा रही है। लोग मिट्टी के कारोबार से जुड़ कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं क्योंकि आज देश पौराणिक व्यवस्था की तरफ लौट रहा है। देश में मिट्टी से बने बर्तनों की मांग बढ़ रही है। इसके अलावा उन्होंने महासंघ के नाम पर दान की गई मोरियावां एवं बजरंग नगर में स्थित जमीन को कब्जा मुक्त कराते हुए जमीन की बिक्री से प्राप्त होने वाले राशि को ब्ल०क रोड में नवनिर्मित प्रजा. पति महासंघ के धर्मशाला में लगाने का निर्देश जिला के पदा. धिकारियों को दिया। कार्यक्रम को अन्य कई अतिथियों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में चाराडीह निवासी अशोक चक्रम के पुत्र सुमित कुमार के आक. स्मिक निधन पर 2 मिनट का मौन धारण कर शोक व्यक्त किया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन बोधी पंडित ने किया। मौके पर कामिनी देवी, नुनू पंडित, काली पंडित, किशुन पंडित, बा. लेश्वर पंडित, योगेंद्र पंडित, अमृत पंडित, रामराज पंडित, सुरेश पंडित, विकास निरंजन, दिनेश्वर पंडित, सुनील कुमार पंडित, विनोद कुमार समेत अन्य कई लोग उपस्थित थे।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की नामांकन पत्र दाखिल प्रक्रिया में खाश तेजी नही

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**



गुरुवार को गिरिडीह जिला में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर नमांकन पत्र दाखिल करने को लेकर प्रत्याशियो में कोई खास उत्साह नज़र नहीं आई। पहले चरण की चुनाव को लेकर विभागीय जानकारी के अनुसार गिरिडीह में जिला परिषद सदस्य के 12प्रत्याशियों ने, वार्ड सदस्य के 233प्रत्याशियों और मुखिया के लिए 84प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया वहीं पंचायत समिति सदस्यों का कोई आंकड़ा उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण संख्या का पता नही चल पाया। गांडेय से जिला परिषद सदस्य 07ने, वार्ड सदस्य 214ने और मुखिया 81ने नामांकन पत्र दाखिल किया पंचायत समिति सदस्य का आंकड़ा उपलब्ध नहीं हो पाया। जमुआ से जिला परिषद सदस्य 12ने और मुखिया 127ने नामांकन पत्र दाखिल किया वार्ड सदस्य और पंचायत समिति सदस्य का आंकड़ा उपलब्ध नहीं होने के कारण उसकी संख्या स्पष्ट नहीं हो पाया। दूसरे चरण के चुनाव के लिए देवरी से वार्ड सदस्य के लिए 04 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया और मुखिया, पंचायत समिति सदस्य और जिला परिषद सदस्य के लिए एक भी प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल नही किया । तिसरी से वार्ड सदस्य 06और मुखिया के लिए 04प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया वहीं पंचायत समिति सदस्य और जिला परिषद सदस्य के एक भी प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल नही किया। गांवा से वार्ड सदस्य के लिए 02और मुखिया के लिए 07प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया वहीं पंचायत समिति सदस्य और जिला परिषद सदस्य के रूप में किसी ने नामांकन पत्र दाखिल नही किया। बेंगाबाद से वार्ड सदस्य के लिए 08और मुखिया के लिए 03प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया, पंचायत समिति सदस्य और जिला परिषद सदस्य के एक भी प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल नही किया। आज जमुआ भाग संख्या 13से जिला परिषद सदस्य प्रत्याशी कुमारी प्रभा वर्मा ने सैंकड़ों समर्थकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया। मीडिया से बातचीत के क्रम में कुमारी प्रभा वर्मा ने कहा कि क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करना मेरा मुख्य लक्ष्य है। चुनाव में क्षेत्र की जनता का मुझे पूर्ण समर्थन मिलेगा मेरा जीत निश्चित है। मैने हमेशा अपने क्षेत्र के हरेक सामाजिक कार्य में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते आई हूं और आगे भी जारी रखूंगी। जनता के हरेक सूख दुख में कदम से कदम मिलाकर चलने का काम की हूं। मैं अपने क्षेत्र में लघु और कुटीर उद्योग लगाकर मं. हलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम करूंगी साथ ही शिक्षा, सड़क, बिजली, पानी और सिंचाई की समुचित व्यवस्था बहाल करने का काम करूंगी। बाल विवाह, छुआछूत, डायन प्रथा जैसी कई कुप्रथाओं को गांव समाज से दूर करना मेरा हमेशा से मुख्य लक्ष्य रहा है। मेरे पति दिगंबर प्रसाद दिवाकर कुशवाहा संघ का नेतृत्व करते आए हैं और हरेक जाति और समाज के कल्याण हेतु हमेशा तत्पर रहते हैं। साथ ही वे हमेशा गांव समाज के बीच रहने का कार्य करते आए हैं। मुझे। मुझे अपने क्षैत्र की जनता का चुनाव में भरपूर सहयोग मिलेगा और मैं अपने क्षेत्र की जनता की विश्वास पर खरा उतरने का कार्य करूंगी ये मेरा अपने क्षेत्र की जनता से वायदा है।

## ढोल नगाड़ों का शोर, नामंकन को लेकर उम्मीदवारों में मच गया होड़

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



पहले चरण का नामांकन अंतिम दौर में पहुंच रहा है। नामंकन के चौथे दिन रिकॉर्ड नामांकन हुवा। ओबीसी आरक्षण संबधित मामला टलने के बाद नामंकन के चौथे दिन उम्मीदवार में नामांकन को लेकर होड़ मच गया। अंचल कार्यालय में नामांकन करवाने पहुँचे उम्मीदवारो को घन्टो इंतेज़ार करना पड़ा। इधर शुक्रवार को प्रखण्ड व अंचल कार्यालय में नामांकन को लेकर गहमा गहमी तेज़ रहा। ढोल नगाड़ो के शोर पर उम्मीदवार अपने अपने समर्थकों संग नामंकन करवाने पहुँचे। कही डीजे के धुन पर उम्मीदवार के समर्थन में नारेबाजी करते दिखे समर्थक तो कही पैदल मार्च करते नामांकन के लिए पहुँचे उम्मीदवार। प्रखण्ड के भिन्न भिन्न कोने से पहुँच रहे रैलियो के कारण दिनभर जीटी रोड के भी यातायात बाधित रहा। इधर ततप्ति गर्मी में समर्थको को अपने अपने उम्मीदवार के नामांकन के बाद कार्यालय से निकलने का इंतेज़ार करते। बड़ी मश्कत के बाद नामांकन करवा कर बाहर निकल रहे उम्मीदवार अपने अपने जीत के प्रति उत्सा. हित दिखे।

## स्कॉर्पियो ने मोटरसाइकिल चालक को मारा धक्का गंभीर रूप से घायल इलाज के लिए हजारीबाग ले जाया गया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



टंडवा रोड स्थित प्रताप भूषण के मकान के समीप टंडवा दिशा से आ रही स्कoर्पियो ने एक अपाची बाइक चालक को जोरदार टक्कर मार दिया। जिसके कारण 23 वर्षीय बाइक चालक जितेंद्र प्रजापति ग्राम चंदनपुर निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही आर्य कर्ण निधि के सीएमडी रंजीत कुमार मेहता ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायल की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए अपने स्कॉर्पियो से बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग ले गए। रंजीत ने बताया कि घायल जितेंद्र के पैर बुरी तरह से टूट गया है। माथा एवं शरीर में गंभीर चोट आई है। दुर्घटना इतनी भयानक थी कि स्कॉर्पियो का अगला पहिया ब्लास्ट कर गया। समाचार लिखे जाने तक घायल की स्थिति गंभीर बनी हुई थी डॉक्टर के द्वारा इलाज जारी था।

## गांव की सरकार : शुभ मुहूर्त देख नामांकन करने पहुंचे मुखिया प्रत्याशी रिंकू देवी पति विनोद शर्मा

## प्रतापपुर के भरही में चढ़ने लगा चुनावी रंग

**अपेम लाइवः प्रतापपुर**
**चंदन कुमार**




प्रतापपुर : झारखंड में धीरे-धीरे पंचायत चुनाव का परवान चढ़ने लगा है. सोमवार को प्रतापपुर के भरही में मुखिया प्रत्याशियों के लिए पर्चा दाखिल किया। इधर प्रतापपुर में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर प्रत्याशियों की सरगर्मी बढ़ गयी है। पंचायत चुनाव की धमक गांवों में गूंजने लगी है।नामांकन पत्र खरीदने और दाखिल करने के लिए प्रत्याशी शुभ मुहूर्त भी देख रहे हैं। इधर, शुक्रवार (22अप्रैल, 2022) को चतरा जिला के प्रतापपुर प्रखंड कार्यालय में रिंकू देवी पति विनोद शर्मा मुखिया प्रत्याशि ने नामांकन पत्र दाखिल किया बैंड-बाजा लेकर अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ पहुंचे मुखिया प्रत्याशी रिंकू देवी पति विनोद शर्मा नामांकन पत्र दाखिल करने को लेकर प्रत्याशियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है. पांचवा दिन भरही पंचायत से मुखिया पद के लिए रिंकू देवी पति विनोद शर्मा ने नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंचे साथ ही बैंड-बाजे के साथ अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ प्रतापपुर प्रखंड कार्यालय पहुंचकर नामांकन दाखिल किया।




बेन्दगी पंचायत के युवा समाजसेवी,

सुयोग्य, कर्मठ, शिक्षित,

भावी मुखिया प्रत्याशी

युवा नेता दिनेश साव

को अपना आशीर्वाद दें।

घोषणा पत्र

1. पूरे पंचायत में योग्य नागरिकों को वृश पेंसन से जोड़ना !
2. समस्त पंचायत में छूटे हुए नागरिकों का राशन कार्ड से जोड़ना !
3. पूरे पंचायत में योग्य नागरिको को आवास योजना से लाभान्वित करना !
4. पूरे पंचायत में सड़क, पीसीसी पथ एवं पक्की नाली का निर्माण !
5. महिला शशक्तिफकरण पर जोर देना !
6. गाँव के विकाश के लिए युवाओं व बुजुर्गो के बीच एक सलाहकार समिति का गठन करनाए एवं विकास के मुद्दों पर समय समय विचार विमर्श करना!

विक्रम बाइक रिपेयरिंग सेंटर

प्रो० - विक्रम कुमार

हमारे यहां सभी प्रकार का बाइक रिपेयर किया जाता है।



पता : कोइली मोड़, रसोइया धमना | संपर्क सूत्र :- 6200723851


डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार   सहयोगीः सोनू पंडित   एडिटरः सोनू पंडित   मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## सिंह कंस्ट्रक्शन के द्वारा हो रहे नाली निर्माण का स्लैब टूटा ग्रामीणों ने अनियमितता का लगाया आरोप

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



टूटे हुए नाली की स्लैब को दिखलाते दुकानदार

सिंह कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा हजारीबाग रोड स्थित रेंज ऑफिस पेट्रोल पंप के पास कराए जा रहे नाली निर्माण कार्य की अनियमितता की पोल खुल गई। महज डेढ़ माह के अंदर नाली में बना स्लैब टूट कर बिखर गया। उक्त मामले को लेकर ग्रामीणों ने कहा कि डेढ़ महीना पहले हीं नाली बनाया गया है। और स्लैब टूट गया है । ऐसा प्रतीत होता है कि नाली निर्माण में भारी अनियमितता बरती जा रही है। वही मामले को लेकर संबंधित इंजीनियर से बात किए जाने पर उन्होंने कहा कि शायद अचानक अधिक दबाव के कारण नाली का स्लैब टूट गया , उसे शीघ्र बेहतर ढंग से मरम्मत करा दिया जाएगा। बताते चलें कि उक्त सड़क नाली पुल निर्माण कार्य पिछले 8 वर्षों से टंडवा से लेकर हजारीबाग तक करोड़ों रुपए लागत राशि से कराई जा रही है।

## गर्मी से बचने के लिए लोग अपने छतों पर कर रहे हैं सफेद रंग का उपयोग

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



इन दिनों चिलचिलाती धूप के साथ भीषण गर्मी पड़ रही है ।पिछले कई दशकों का गर्मी का रिकoर्ड टूट गया है । सूरज की किरणें धरती पर पढ़ते ही गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो रहा है । अप्रैल के माह में 43 डिग्री सेल्सियस तापमान गर्मी पड़ रही है। बुजुर्गों का मानना है कि अप्रैल के माह में इतनी भारी गर्मी हम लोगों ने कभी नहीं देखी थी जबकि अभी मई और जून बाकी है इन्हीं दो महीनों में सबसे ज्यादा गर्मी पड़ती है। वहीं भारी गर्मी को देखते हुए कई लोग गर्मी से बचाव को लेकर तरह-तरह के उपाय ढूंढ रहे हैं ताकि गर्मी से राहत मिल सके। कई लोग अपने छत ऊपर छत को वाइट पेंटिंग कर रहे हैं तो कहीं लोग अपने आ. सपास ठंडे स्थानों को ढूंढ रहे हैं ताकि गर्मी से बचा जा सके। बड़कागांव आदर्श मध्य विद्यालय के विज्ञान शिक्षक दीपक राणा ने कहा की सफ़ेद रंग उष्मीय विकिरण का अच्छा परावर्तक होता है , सफेद रंग पर पड़ने वाली सूर्य की रौशनी का अधिक. ांश भाग परावर्तित कर देती है जिससे हमें गर्मी का अहसास कम होता है।इसके विपरित रंगीन या काला रंग ऊष्मा विकिरण का अच्छा अवशोशक होती है जिससे हमें गर्मी महसूस होता है।

## विष्णुगढ़ में दो सड़क हादसों में बाल-बाल बचे चालक

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**


विष्णुगढ़ के जमुनियां डैम के पास दुर्घटना के बाद मौके पर जुटी भीड़

विष्णुगढ़ गोमियां रोड़ में शुक्रवार को दो अलग-अलग सड़क हादसे हुए। दोनों हादसों में वाहन चालक बाल-बाल बच गए। पहली घटना जमुनियां डैम के पास हुई। इसमें गोमियां की ओर से तेज गति से आ रही एक अल्टो कार तीखे एवं घुमावदार ढ़ाल के होने के कारण अनियंत्रित होकर नहर किनारे बंद पड़े एक गुमटी में जा घुसी। इससे गुमटी क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और कार सवारों को बाहर निकाला। दुर्घटना में कार चालक को हल्की चोटें आई है। वहीं, दूसरी घटना जमनीजारा मोड़ से आगे तीखे एवं घुमावदार ढ़लान के पास हुई। इसमें एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर गहरे खाई में गिरकर पलट गई। खाई में गिरे ट्रैक्टर का इंजन और ट्रॉली दो टुकड़ों में बंट गया। ट्रैक्टर जरकुंडा का बताया जाता है। हादसे में ट्रैक्टर चालक घायल हो गए। ट्रैक्टर पर बैठी एक बच्ची के भी घायल होने की बात कही जा रही है। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायल चालक को अस्पताल पहुंचाया।




## शिक्षक रहने से बच्चों नाराज

**अपेम लाइव :**
**ब्यूरो चीफ गिरिडीह**




बिरनी प्रखंड के अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय टाटो में किया गया बेग का वितरण बच्चों हुवे खुश बतादे की झारखंड सरकार के तहत दिए गए बेग को आज दिन शुक्रवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय टाटो में 113 बच्चों का बैग वितरण किया गया बच्चों ने कहा कि जिस तरह हमलोगो को सरकार ने कभी बेग देकर तो कभी ड्रेस दे कर तो कभी जूता किट पेन्सिल देकर खुश करता उसी तरह सरकार हमारे स्कूल के ऊपर ध्यान देते ओर शिक्षक का वेवस्था कर देते तो आज हमलोग दु गुना खुश होते ताकि हमलोगो को अब पढ़ाई सही तरीके से होता लेकिन एक शिक्षक होने के करण हमलोगो कुल 134 बच्चों को शिक्षा पूरी नही हो पा रही है। जिससे हमलोग सरकार से नारा. जगी हु। शिक्षा मंत्री से हमारे स्कूल के सभी बच्चों के तरफ से आग्रह होगा कि हमारे स्कूल में कम कम 2 शिक्षक की बेस्था किया जय ताकि हम सबो बच्चों की भविष्य बना रहे। वही शिक्षक महेंद्र प्रसाद ने कहा कि शिशक को लेकर कई बार आवेदन शिक्षा विभाग बिओ को दिया गया यहा तक की उपयुक्त महोदय तक भी आवेदन किया गया लेकिन महीनों दिन बीत गया अभी तक कोई सुवाई नही हुवा । उपयुक्त महोदय शिक्षा मंत्री से आग्रह होगा जल्द से जल्द शिक्षक को लेकर संज्ञान ले। मुख्य रूप से स्कूल अध्यक्ष प्रति. निधि कृष्णा कुमार वर्मा संयोजिका उषा देवी सदस्य सुरेन्द्र वर्मा शायमसुन्दर वर्मा रेवत र०य वा ग्रामीण बालेश्वर वर्मा प्रमोद वर्मा भोला महतो व दर्जनों लोग उपस्थित थे

## त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव के महापर्व को लेकर प्रखण्ड मुख्यालय में प्रत्यासियो की लगी भीड़

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां प्रखण्ड मुख्यालय में त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। प्रखंड मुख्यालय में एनआर कटाने को लेकर लोग जुट रहे है। इसके साथ ही गावां प्रखण्ड के सभी क्लस्टर एंव पंचायतों से चुनाव की सरगर्मी तेज होने लगी है। चौक-चौराहों पर पंचायत चुनाव की चर्चा जोरो पर है। गांव की सरकार बनाने को लेकर उम्मीदवारों में होड़ लगी है। खासकर मुखिया पद को लेकर पंचायतों में ज्यादा जोर शोर से एक दूसरे के आजमाइश में लगे है। सभी उम्मीदवार अभी से ही अपनी शक्तिप्रदर्शन में जुट चुके है। टोले मुहल्लों में उम्मीदवार दिन से लेकर रात तक अपनी ईमानदारी की गाथा में लगे है वही चाय से लेकर पान दुकान तक हर जुबान पर चुनाव की चर्चा होने लगी है। इधर चुनाव को लेकर प्रखण्ड मुख्यालय में प्रशासनिक व्यवस्था भी काफी चुस्त है। प्रखंड मुख्यालय में बेरिकेटिंग भी करा दिया गया है। वही चुनाव में मतदाताओं की चुप्पी ने प्रत्याशियों की बेचौनी बढ़ा दी है। मतदाता किसी के पक्ष में खुलकर नहीं बोल रहे हैं। नए उम्मीदवार मतदाताओं को तरह तरह के वादे कर रिझाने में लगे हुए हैं। वे चुनाव लड़ने की मंशा लेकर अपनी मजबूत दावेदारी से अवगत करा रहे है। कुछ प्रतिनिधि उम्मीदवार बनकर जीत सु. निश्चित करने को लेकर युवाओं को अभी से ही जोड़ने में लगे हुए हैं।

## गुरूग्राम पब्लिक स्कूल में दशम वर्ग के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**


गुरूग्राम पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को उपहार देकर सम्मानित करते अतिथि

विष्णुगढ़ के खरना रोड़ स्थित गुरूग्राम पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को दशम वर्ग के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि निवर्तमान जिप सदस्य जयप्रकाश पटेल ने किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र का यह विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। विशिष्ट अतिथि गुरू प्रसाद साव, लक्ष्मण यादव, चेतलाल महतो, विनोद साव, डब्लू कुमार आदि शामिल हुए। निदेशक प्रभात कुमार ने कहा कि विद्यालय में विद्यार्थियों को सैद्धांतिक के अलावा व्यावहारिक एवं अनुशासन की शिक्षा दक्षता के साथ दी जाती है। यह सब लोगों के सहयोग से संभव हो पाया है। अभिभावक गुरू प्रसाद साव ने कहा कि विद्यालय का प्रबंधन एवं बेहतर शैक्षणिक माहौल के कारण विद्यालय के कई विद्यार्थी आज देश के कई पदों पर अपना योगदान दे रहे हैं। मौके पर छात्र-छात्राओं के प्रस्तुत कार्यक्रमों की काफी सराहना की गई। समारोह को सफल बनाने में राजेश रंजन, रंजीत मिश्र, रंजीत रंजन, नवीन प्रणव, रीतलाल महतो, पंकज कुमार, सनोज कुमार, सुभाष कुमार, स्नेहा रानी, अंशु कुमारी, ममता कुमारी आदि का सराहनीय योगदान रहा।

APEM
LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित एडिटरः सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच पथराव

**अपेम लाइव : गिरिडीह/ टाउन आदित्य पांडेय**



मामूली विवाद को लेकर गिरिडीह के पचंबा हटिया रोड में दो समुदाय के बीच पथराव हुआ , छोटे से विवाद को लेकर शुक्रवार दोपहर गिरिडीह के पचंबा हटिया रोड में दो पक्षों में पथराव हुआ पथराव के दौरान हटिया रोड में कुछ पल के लिए अफरा–तफरी का माहौल पैदा हो गया लोग अपनी दुकानें बंद करने लगे जबकि मामले के बाद डीएसपी संजय राणा और पचंबा थाना प्रभारी सौरभ कुमार भी पुलिस के जवानों के साथ घटनास्थल पहुंचे और माहौल को शांत किए फिलहाल माहौल पूरी तरह से नियंत्रण में है और घटनास्थल पर पुलिस के जवान तैनात हैं दो समुदाय के बीच हुए इस पथराव के दौरान पचंबा थाना पुलिस के शक के आधार पर एक युवक को हिरासत में लिए हैं वैसे दो समुदाय के बीच हुए पथराव का कारण डीएसपी संजय राणा ने बताएं कि गुरुवार की शाम को हटिया रोड में दुकान में कुछ लोग गोलगप्पा खाने पहुंचे जहां गोलगप्पे में आलू को लेकर गोलगप्पे के दुकान के साथ कुछ विवाद शुरू हो गई गुरुवार की शाम को मामूली विवाद के दूसरे दिन शुक्रवार की सुबह जब कुछ लोग वहां पहुंचे तो इसी दौरान पहले एक तरफ से उसके बाद दूसरी तरफ से पथराव शुरू हो गया समुदाय के बीच हुए पथराव की घटना में हटिया रोड के चूड़ी दुक. ानदार के बेटे द्वारा गोलगप्पे के दुकानदार के साथ गुपचुप खिलाने को लेकर कुछ मारपीट की बात भी कही जा रही थी वैसे अब पुलिस पूरे मामले की जांच करने में लगी है

## गोलगप्पा खाने को लेकर हुई बहस को लेकर दो समुदाय में पत्थरबाजी

**अपेम लाइव : गिरिडीह/ टाउन आदित्य पांडेय**



बीते गुरुवार रात को गिरिडीह की उपनगरी पचंबा में गोलगप्पा खाने को लेकर तीखी नोंकझोंक हुई थी। आज शुक्रवार को दिन के लगभग दो बजे बीती रात हुई नोकझोंक को लेकर आपस में भिड़ गए जमकर चली ईंट पत्थर। घटना की सूचना मिलते ही पचंबा थाना प्रभारी सदलबल घटना स्थल पर पहुंचे और स्थिति को काबू में किया। स्थिति और ना बिगड़े को लेकर डीएसपी संजय राणा खुद घटना स्थल मुआवना करने पहुंचे और जायजा लिया और पचंबा थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। समाचार मिलने तक स्थिति नियंत्रण में था और घटना स्थल पर पुलीस कैंप कर रही है।

## भाकपा माले के स्थापना दिवस पर लिया जनता के लिए संघर्ष तेज करने का संकल्प

**अपेम लाइव : गीरिडीह बजरंगी महतो**



आज शुक्रवार को भाकपा माले की स्थापना की 53वीं वर्षगांठ मनाई गई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने सर्वहारा के महान नेता क०मरेड लेनिन सहित कम्युनिस्ट आंदोलन एवं संघर्ष में शहीद हुए पार्टी के तमाम साथियों को याद किया, उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा व्यवस्था बदलाव तथा जन अधिकारों के लिए संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया। बेंगाबाद पार्टी कार्यालय में आयोजित स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी नेता राजेश यादव ने कहा कि, इस स्थापना दिवस पर जन अधिकारों के लिए संघर्ष तेज करने समेत पूरे भारत में फास. ीवाद विरोधी प्रतिरोध की जीवंत तथा प्रतिबद्ध एवं शक्तिशाली ताकत के रूप में पार्टी को स्थापित करने का संकल्प लिया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि, देश में नफरती माहौल खड़ा कर जनता के जरूरी सवालों को नजरंदाज किया जा रहा है। देश में महंगाई और बेरोजगारी अभूतपूर्व है, लेकिन फासीवादी ता. कतों के लिए मुद्दा कुछ और है। यह देश के मे. हनतकशों के लिए एक बड़ी चुनौती है। मौके पर प्रखंड सचिव शि. वनंदन यादव, राजेंद्र मंडल, रामलाल मुर्मू, रामलाल मंडल, अशोक तुरी, अशोक मंडल, मुरारी यादव, सुखदेव गोस्वामी, गणेश मंडल, मेघू यादव, राजेंद्र सिंह, सुनील सिंह, राधे महतो सहित अन्य मौजूद थे।

## गड्ढे में गिरकर बाइक सवार की हुई मौत

**अपेम लाइव बरहीः सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत गोरियाकरमा पंचायत के बेलगढ़ा में स्थित गड्ढे में गिरकर एक बाइक सवार की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक युवक का नाम विशाल कुमार पिता शिवव्रत साव लातेहार निवासी है। ग्रामीणों ने बताया कि युवक अपने बाइक से चतरा से लौट रहा था। इसी क्रम में बाइक अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया गया।

APEM LIVE

## डेंटल साइंस कॉलेज के रजिस्ट्रार डॉ सुधांशु सक्सेना ने थैलेसीमिया से पीड़ित मरीज के लिए किया रक्तदान

### मानवता की सेवा में हमारा परिवार अग्रिम पंक्ति पर खड़ा है – प्रवीण श्रीनिवास

**अपेम लाइवः ओरिया**






हजारीबाग क०लेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल के रजिस्ट्रार डॉ सुधांशु सक्सेना ने शुक्रवार को थैलेसीमिया से पीड़ित मरीज के लिए मानवता दिखलाया। मानवता का परिचय देते हुए थैलेसीमिया से पीड़ित मरीज के लिए रक्तदान किया और उसकी जान बचाई। दरअसल चौपारण के महादेव मुंडा का पूत्र सुखलाल मुंडा थैलेसीमिया से पीड़ित है। शुक्रवार को सुखलाल मुंडा को रक्त ना मिलने पर पीड़ित परिवारजनों के द्वारा श्रीनिवास ब्लड बैंक से मदद की गुहार लगाया गया। श्रीनिवास ब्लड बैंक की टीम तुरंत संज्ञान में लेकर संबंधित रक्तदाता के खोजबीन में जुट गया। खोजबीन के दौरान हजारीबाग क०लेज अ०फ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल के रजिस्ट्रार डॉ सुधांशु सक्सेना ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। इस दौरान पीड़ित परिवार. जनों ने मानवीय करूणा के भाव से रजिस्ट्रार डॉ सुधांशु सक्सेना का धन्यवाद व आभार ज्ञापित किया। मौके पर निर्देशक प्रवीण श्री. निवास ने रजिस्ट्रार डॉ सुधांशु सक्सेना का हौसला अफ़ज़ाई कर उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि मानवता की सेवा में हमारा परिवार अग्रिम पंक्ति पर खड़ा है। साथ ही जरूरतमंदों की सेवा में बे. मिसाल उदाहरण को पेश किया जा रहा है।

